घर में सो रहे मां-बेटे को सांप ने काटा, बेटे की मौत, मां रैफर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई। रात को घर में सो रहे 16 साल के बेटे और उसकी मां को जहरीले सांप ने

महुआ थाना क्षेत्र में रछेड़ गांव के नयाबांस में हुई घटना

काट लिया, जिससे बेटे की मौत हो गई, जबकि उसकी मां को डॉक्टर्स ने ग्वालियर रैफर कर दिया है। घटना महुआ थाना क्षेत्र के नयाबांस रछेड़ गांव में हुई।

जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र की रछेड़ पंचायत के उदयपुरा में रहने वाले राजू तोमर की पत्नी शोभा 35 अपने बेटे अंशू 16 के साथ रात के वक्त सो रही थी। इसी दौरान जहरीला सांप घर में घुस आया और उसने पहले अंशू और फिर उसकी मां शोभा को डंस लिया। जैसे ही परिजन को इसका आभास हुआ तो सुबह होते ही वह मां-बेटे को गांव में झाड़-फूंक करने वाले ओझा के पास ले गए। दो-तीन घंटे की मशक्कत के बाद भी जब कोई फायदा नहीं हुआ तो परिजन शोभा व उसके बेटे अंशू को लेकर पहले पोरसा फिर जिला अस्पताल लाए। यहां डॉक्टर्स ने बेटे अंशू को मृत घोषित कर दिया, जबकि शोभा का प्राथमिक उपचार कर उसे ग्वालियर रैफर कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

अस्पताल लाते वक्त ई-रिक्शा पलटा, महिला हुई जख्मी

महिला शोभा व उसके बेटे अंशू को नयाबांस से ई-रिक्शा में अस्पताल ला रहे थे, इसी दौरान रास्ते में ई-रिक्शा पलट गया, जिससे सर्पदंश की शिकार शोभा का हाथ टूट गया, जिसका जिला अस्पताल में इलाज कर ग्वालियर रैफर किया गया है।

जिला अस्पताल में कम्प्यूटर ऑपरेटर से मारपीट, सिर फोड़ा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई। जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर बैठे कम्प्यूटर ऑपरेटर पर यहीं काम करने वाले सफाईकर्मी ने अपने साथियों के साथ हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट आई है। घटना

शोर करने से रोका तो सफाई कर्मियों ने किया हमला

शुक्रवार दोपहर एक-डेढ़ बजे की है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर सचिन शुक्ला 21 पुत्र दिनेश शुक्ला निवासी मुरैना गांव कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में पदस्थ है। शुक्रवार को सुबह ड्यूटी पर आने के बाद सचिन मरीजों के पर्चा बना रहा था। इसी दौरान अस्पताल में पदस्थ सफाईकर्मी पवन बाल्मीकि उसके काउंटर कक्ष में आकर शोरगुल करने लगा। जब सचिन ने शोर न करने को कहा था पवन वहां से चला गया। 10 से 15

मिनट बाद ही पवन अपने साथी रोहित, पृथ्वी व सचिन बाल्मीकि के साथ आया और उसने सचिन शुक्ला की मारपीट शुरू कर दी। सचिन कुछ समझ पाता इससे पहले ही एक आरोपी किसी भारी चीज से उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा। इसके बाद आरोपी भाग गए। पीड़ित सचिन शुक्ला की मरहम पट्टी करने के बाद कंप्यूटर सेक्शन में पदस्थ स्टाफ सीधे रिपोर्ट दर्ज कराने सिटी कोतवाली पहुंचा।

करगिल विजय दिवस पर युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई। करगिल विजय दिवस के मौके पर भाजपा युवा मोर्चा की जिला इकाई ने शुक्रवार को मशाल जुलूस निकाला। पं. बिस्मिल की प्रतिमा से शुरू हुए

शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को किया नमन

जुलूस का समापन न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित शहीद स्मारक पर हुआ। यहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू परमार के नेतृत्व में न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा से मशाल जुलूस प्रारंभ हुआ। जिसके बाद विभिन्न मार्गों से होकर जुलूस शहीद स्मारक पहुंचा। जहां शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, केदार सिंह यादव, महापौर शारदा सोलंकी, रामनरेश शर्मा, कमलेश कुशवाह, राजेश सिकरवार, बृजकिशोर डण्डौतिया, रविन्द्र मावई, राहुल पचौरी, मोनू मावई, दिलीप पिप्पल, दिलीप डण्डौतिया आदि शामिल थे।

करगिल युद्ध के साक्षी पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा विजय दिवस के मौके पर गुरुवार की शाम को शहीद स्मारक पर करगिल युद्ध के साक्षी रहे भूतपूर्व सैनिकों का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

मुरैना, 26 जुलाई। कुएं में कूदकर युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अजय सेंगर 22 पुत्र सतेन्द्र सिंह सेंगर निवासी किशुनपुरा ने 2 जुलाई को गांव के उम्मेद सिंह के खेत पर स्थित कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच के दौरान पता चला कि अनार सिंह सेंगर, घंसू उर्फ गौरव और छोटू उर्फ जगपाल सेंगर निवासीगण किशुनपुरा उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया करते थे। जिससे तंग आकर अजय ने आत्महत्या की थी। जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा-108, 3(5) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

निर्धारित दर से मंहगें दामों पर बेच रहे थे कॉपी-किताबें, दुकान शील्ड

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 26 जुलाई। बुक सेलर्स के साथ मिलकर छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को

अंबाह में दुकानदारों की मनमानी को रोकने एसडीएम ने की दुकानों की चैकिंग

महंगी कॉपी-किताबें, यूनिफॉर्म के नाम पर लूटने वाले निजी स्कूल संचालकों और बुक सेलर्स पर अंकुश कसने के लिए अंबाह एसडीएम अरविंद माहौर बाजार में पहुंचे। उन्होंने शहर के बालाजी बुक स्टोर को महंगी किताबें बेचते हुए पकड़े जाने पर शील्ड किया।

एसडीएम अरविंद सिंह माहौर अपनी टीम लेकर जग्गा रोड पर संचालित किताब की दुकानों को चेक करने के लिए पहुंचे। इस दौरान यहां बालाजी बुक स्टोर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने की टीम ने पाया कि प्राइवेट स्कूल संचालकों से अनुबंध के कारण सभी स्कूलों की अपनी अलग-अलग ब्रांड की नोट बुक लगी रखी थी। किताब-कॉपियों पर जितनी रेट प्रिंट थी, उसके अनुपात में उतने पेज भी नहीं थे। जो ग्राहक पक्का बिल मांगते उन्हें कोर्स की किताब उपलब्ध कराने से मना किया जा रहा था। बुक सेलर्स की मनमानी को प्रशासनिक टीम ने पड़ताल के दौरान प्रमाणित पाया। जिसके बाद दुकान को सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि दुकानदार को नोटिस जारी किया गया है। उनके जबाव की समीक्षा के बाद कार्रवाई तय की जाएगी। प्राइवेट स्कूलों और पुस्तक विक्रेताओं के खिलाफ लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही एनसीईआरटी और एससीईआरटी के द्वारा जारी पाठ्यक्रम के अलावा प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकों को दवाब या पैसे के कमीशन के साथ बेचने के आरोप थे जो कि स्थल निरीक्षण में सही पाए गए।

अप्रैल को भी इसी दुकान को किया था सील

अभिभावकों का कहना है कि इलाके के 70 प्रतिशत स्कूलों की किताबें इसी दुकान से बिक्री की जा रही हैं। 13 अप्रैल को भी इस दुकान को सील किया था जिसके बाद इसे खोल दिया था वहीं प्रशासनिक टीम ने पाया बुक स्टोर संचालक का पूरा घर किताबों से भरा हुआ था। जिसकी अधिकारियों द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग की।

अभाविप भी ज्ञापन देकर कर चुका है शिकायत

यहां बता दें कि अंबाह क्षेत्र में संचालित निजी स्कूलों में पढने वाले छात्र-छात्राओं के परिजन को प्राइवेट पब्लिकेशन की महंगी किताबें, कॉपियां व यूनिफॉर्म के नाम पर लूट-खसोट बंद करने की मांग को लेकर अभाविप पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा था। वहीं कई अभिभावकों की भी लगातार शिकायतें आ रही थी इसलिए यह कार्रवाई एसडीएम द्वारा की गई।

एक नजर में

मुरैना गांव के मजदूर का था आसन नदी से मिला शव

मुरैना, 26 जुलाई। सुमावली क्षेत्र में गुरुवार को आसन नदी में जिस व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला था, वह मुरैना गांव में रहने वाले नेमीचंद्र 35 पुत्र कुशवाह का था। पुलिस के अनुसार जब अज्ञात शव की हमने आसपास क्षेत्र में शिनाख्त कराई तब मुरैना गांव में रहने वाले नेमीचंद्र के परिजन ने उसकी पहचान की। पुलिस को परिजन ने बताया नेमीचंद्र मजदूरी करता था है। 24 जुलाई को वह घर से सुबह मजदूरी करने के लिए निकला लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। नाते-रिश्तेदारी में भी तलाश करने के बाद नेमीचंद्र का पता नहीं लगा। इधर सुमावली में आसन नदी में मिले शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है कि नेमीचंद्र किसी हादसे का शिकार हुआ है अथवा उसकी हत्या की गई है।

मूल्यों की धारणा से जीवन में आता है सुधार : कृष्णा दीदी

मुरैना/पोरसा, 26 जुलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र

सुख शांति भवन सब्जी मंडी रोड पोरसा द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह में सभी बच्चों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिसमें सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने सभी बच्चों को अपने जीवन के खोए हुए मूल्य (गुणों) को जीवन में धारण करने की बात कही। ब्रह्माकुमारी प्रियंका दीदी ने सभी बच्चों को बताया कि हमें अपने बड़ों की हर आज्ञा का पालन करना चाहिए, जो भी भूलें हो उनकी माफी मांग ले और उनसे शिक्षा लेकर आगे बढ़ें। ब्रह्माकुमार नीतेश भाई ने बच्चों को एकाग्रता बढ़ाने के लिए विभिन्न तरह की गतिविधियां करवाई। सभी बच्चों ने बहुत सुंदर ड्राइंग पेंटिंग बनाई एवं अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मजिस्ट्रेट प्रियंका उत्कर्ष त्रिपाठी, घनश्याम डंडोतिया, हेमलता राणा भी उपस्थित रहीं।

विक्टर स्कूल में विजय दिवस पर किया सैनिकों का सम्मान

मुरैना। 26 जुलाई। करगिल विजय दिवस के मौके पर सैनिक सम्मान

समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश की सीमाओं पर तैनात रहकर राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले सैनिकों एवं उनके माता-पिता का सम्मान किया गया। सम्मान के रूप में शॉल-श्रीफल भेंट किए गए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता विद्यालय संचालक समीर बांदिल ने की। कार्यक्रम में सैनिक धर्मवीर परिहार, रसाल सिंह सिकरवार, शैलेन्द्र सिंह, विनोद सिकरवार, पुलेन्द्र गुर्जर, महेन्द्र सिंह, नवलकिशोर सिकरवार, सत्यपाल सिंह, संजय कुमार, जीतेन्द्र सिकरवार, धर्मेन्द्र सिंह का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रतीक्षा बांदिल, मयूरी बांदिल, प्राचार्य श्रीमती नेहा इकबाल उपस्थित थे।

अग्रवाल महासभा ने 3 सरकारी स्कूल गोद लिए, बनाएंगे उत्कृष्ट

मुरैना। शासकीय स्कूलों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अग्रवाल

महासभा ने तीन शासकीय स्कूलों को गोद लिए जाने का निर्णय लिया है। निर्णय को लेकर महासभा की ओर से शुक्रवार को जिला शिक्षाधिकारी एके पाठक को अवगत कराया। अग्रवाल महासभा के कार्यालय मंत्री जयप्रकाश गुप्ता ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि अग्रवाल महासभा द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिग्नल बस्ती, रुई की मंडी एवं गंजरामपुर के शासकीय स्कूलों को महासभा द्वारा गोद लिया जाएगा। गोद लिए गए इन तीनों स्कूलों में अग्रवाल महासभा के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग के मार्गदर्शन में विद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जाएगा।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस आज, अस्पताल में होगा कार्यक्रम

मुरैना। सीएमएचओ डॉ. पदमेश उपाध्याय के निर्देशानुसार 28 जुलाई को रविवार होने के कारण विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन 27 जुलाई को जिला चिकित्सालय में किया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मरीजों की जांच व परीक्षण किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं की लिए एन्टी वायरल, रोकथाम के लिए प्राथमिकता दी गई है ताकि मां से बच्चे में होने वाले संक्रमण को रोका जा सके। विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव हो सके।

विद्युत पोल की चपेट में आई महिला की करंट से मौत

मुरैना, 26 जुलाई। नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम भदावली में रहने वाली महिला जानकी देवी 24 पत्नी मुकेश धानुक गुरुवार 25 जुलाई की दोपहर करीब तीन बजे जब बिजली के खंबे के पास से गुजर रही थी, तभी अचानक उसे करंट का झटका लगा, जिससे वह अचेत हो गई। परिवारीजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां परीक्षण करने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

संग्रहालय में हो रहा शहीद वीरनारायण का अपमान : तोमर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 26 जुलाई। देश के प्रति अपने फर्ज को निभाते हुए सियाचिन ग्लेशियर में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद कैप्टन वीरनारायण

शहीद के भाई के संग्रहालय प्रबंधन पर आरोप

सिंह तोमर के भाई ने अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय के प्रबंधन से जुड़े कर्मचारियों पर शहीद का अपमान किए जाने के आरोप लगाए है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शहीद कैप्टन वीरनारायण सिंह तोमर के भाई श्याम सिंह तोमर निवासी जौंहा, अंबाह ने बताया कि कैप्टन वीरनारायण 9 नवंबर 1993 को सियाचिन में शहीद हुए थे। उनकी स्मृति में अंबाह कस्बे में तहसील प्रांगण में शहीद पार्क और स्मारक की स्थापना सरकार ने 1994 में की थी।

मुरैना शहर में अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय का निर्माण होने पर शहीदों की फोटो गैलरी के लिए संग्रहालय प्रभारी अशोक शर्मा ने कै. वीरनारायण का फोटो परिजन से लिया था। लेकिन शहीद कै. वीरनारायण के फोटो को गैलरी में उचित स्थान पर लगाकर सम्मान देने के बजाय उनके फोटो को अनुचित स्थान पर रखकर उनका अपमान किया जा रहा है।

श्री तोमर ने कहा कि 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस के मौके पर जब वे संग्रहालय पहुंचें तो फोटो गैलरी के नीचे कै. वीरनारायण का फोटो रखा हुआ देखकर उन्हें दुःख पहुंचा। उन्होंने संग्रहालय प्रबंधन से कहा है अगर वे शहीद का सम्मान नहीं कर सकते है, तो उनके फोटो को उनके परिवारीजन को लौटा दें।

जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

मुरैना, 26 जुलाई। कैलारस थाना क्षेत्र में विगत 24 जुलाई को हुए एक रोड एक्सीडेंट में धनीराम धाकड़ 35 पुत्र जगन्नाथ धाकड़ निवासी सैमई गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे कैलारस अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से युवक घायल, केस दर्ज : मुरैना। अंबाह थाना क्षेत्र में 23 जुलाई को पोरसा रोड पर नहर के पास से होकर बाइक पर जा रहे राजेश पुत्र पुत्तू सिंह तोमर नि. जल का नगरा अंबाह को कार क्रं. एमपी04-जेडजे-8453 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में राजेश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विजय दिवस पर जौरा डाकघर परिसर में रोपे पौधे

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 26 जुलाई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को करगिल विजय दिवस के मौके पर कस्बा जौरा के डाकघर परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर चंबल संभाग के डाकघर अधीक्षक वीपी राठौर, सेवानिवृत्त प्रवर अधीक्षक अमर सिंह राठौड़ मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में डाकघर के स्टाफ, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने करगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त होने वाले शहीदों की स्मृति में पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। डाकघर अधीक्षक राठौर ने कहा कि बिगड़ता पर्यावरण आने वाली पीढ़ी के लिए चुनौती है।

हम समय रहते अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर इस चुनौती का सामना कर सकते हैं। पूर्व डाकघर अधीक्षक एवं अन्य अतिथियों का उप डाकपाल जौरा श्याम शर्मा, सागर तोमर ने स्वागत किया। डाकघर परिसर में लगभग दो दर्जन छाया एवं फलदार वृक्षों का रोपण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं सनाढ्य सभा जौरा के अध्यक्ष जगदीश शुक्ला, अमन कुमार, वीर सिंह, सागर तोमर, रिचा त्यागी, दिनेश जैन, आदित्य आदि उपस्थित थे।

टीकाकरण व मॉनीटरिंग पर विशेष ध्यान दें : सीएमएचओ

मुरैना, 26 जुलाई। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत टीकाकरण को

सुदृढीकरण करने के लिये गुरूवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ से डॉ. राजावत ने टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हैड काउण्ट सर्वे एवं माइक्रोप्लान तैयार कर टीकाकरण से भविष्य में एक भी बच्चा वंचित न रहें। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने कहा कि टीकाकरण, मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया जाये। उन्होंने सभी सेक्टर मेडीकल ऑफिसर द्वारा सेक्टर मीटिंग में समस्त राष्ट्रीय टीकाकरण की समीक्षा करने के लिये सभी विकासखण्ड के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होनें आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के भी निर्देश दिये। कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी ने दस्तक अभियान की समीक्षा की एवं सुधार के निर्देश दिये। कार्यशाला में जिले से सभी प्रोग्राम ऑफीसर, विकासखण्ड से बीएमओं, बीपीएम, बीसीएम, बीईई स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

शासकीय नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे प्राइवेट स्कूल

सुभाष गुप्ता

कैलारस, 26 जुलाई। कैलारस में प्राइवेट स्कूल हर गली मोहल्ले में संचालित हैं यह स्कूल संचालक शासकीय नियमों को खूंटी पर टांग कर संचालित हो रहे हैं कई स्कूलों में ना तो बच्चों के खेलने के लिए पार्क हैं ना ही इसमें बच्चों के लिए स्वच्छ

बगैर बीमा फिटनेस एवं क्षतिग्रस्त बसें व गाड़ियां दौड़ रही हैं स्कूलों में

पानी की व्यवस्था और इनमें ना ही अग्निशमन बुझाने की व्यवस्था है बल्कि शासन के नियमानुसार स्कूलों में बच्चों के खेलने कूदने के लिए ग्राउंड की व्यवस्था होनी चाहिए और इसमें बच्चों को पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था होनी चाहिए आग बुझाने के यंत्र भी होने चाहिए टेबल कुर्सी भी होनी चाहिए। लेकिन कैलारस में कई दर्जनों ऐसे स्कूल

चल रहे हैं उनमें इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है और पढ़ाई के नाम पर पालकों से मोटी रकम ली जा रही है और किताब कॉपी अपनी स्वेच्छा अनुसार स्कूल वाले अपनी संबंधित दुकानों पर कमीशन के तौर पर रखवा रहे हैं स्कूल ड्रेस भी कमीशन के तौर पर रखवा रहे हैं जिनसे उनको मोटा कमीशन मिलता है स्कूल संचालक अपनी संबंधित दुकान के अलावा और कहीं दूसरी दुकान पर कॉपी किताबें नहीं मिलती है।

जो स्कूलों में बच्चों को ले जाने लाने के लिए गाड़ियां चलाई जा रही हैं अधिक तरह गाड़ियां क्षतिग्रस्त एवं कंडम गाड़ियां देखने को मिल रही है इन गाड़ियों में बच्चों को कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है इनमें आर टीओ के नियमानुसार क्षमता से अधिक बच्चे बिठा देते हैं और इनमें गाड़ियों में ड्राइवर के अलावा दूसरा स्टाफ नहीं रहता है जो कि बच्चों को गाड़ी में बैठा सके व उतार सके। अगर शासन के नियमानुसार इनकी चेकिंग की जाए तो कई दर्जनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त एवं कंडम स्थिति में मिलेंगी।स्कूल वाहन और स्कूलों में संचालित गाड़ियां बगैर फिटनेस बीमा के देखने को मिलेगी और नियमानुसार वाहन का रंग आरटीओ नियम के अनुसार पीला होना चाहिए वह भी नहीं है अधिक तरह गाड़ियां स्कूलों में या तो व्यक्तिगत गाड़ियां हैं या फिर जो गाड़ियां किराए पर ली जा रही है वह पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त एवं कंडम है और स्कूल के बाद उन गाड़ियों को अपने पर्सनल लाभ में लिया जा रहा है एक तरफ तो शासन द्वारा बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और एक तरफ बच्चों के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है और यह सब प्रशासन की आंखों के सामने देखने को मिल रहा है लेकिन प्रशासन चुप्पी साध के पूरा नजारा देख रहा है प्रशासन की मिलीभगत से छोटे-छोटे छात्र एवं छात्राओं को जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और एक बहुत ही बड़ी दुर्घटना का अंदेशा जताया जा सकता है और जिस हिसाब से स्कूलों में लगी हुई क्षतिग्रस्त गाड़ियों में ओवरलोड बच्चों को ले जाया जाता है उस तरीके से ना तो स्कूल संचालक कोई ध्यान दे रहे हैं ना ही प्रशासन में बैठे आला अधिकारी इन पर कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं जिससे कभी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है लेकिन इस ओर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इसके अलावा ज़्यादातर वाहनों पर देखा जाए तो अनुभवहीन ड्राइवर देखने को मिलेंगे जबकि स्कूल बसों व गाड़ियों पर अनुभवी बैज लाइसेंस धारी ड्राइवर जरूरी है। अभी हाल ही में आज से कुछ दिनों पूर्व एक घटना सेमई के पास मैजिक व स्विफ्ट गाड़ी आपस में आमने सामने टकरा गई थी जिसकी वजह से उसमे कई बच्चे घायल हो गए। इस घटना से प्रशासन अभी तक सबक नहीं ले पाया है जबकि आरटीओ मुरैना के द्वारा कैलारस में स्कूल वाहनों की जांच अभी तक नहीं की गई है।

आम सूचना

श्री अजीत सिंह परमार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह परमार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित अजीत सिंह वाली गली, ग्राम जौरासुर्द, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.39(पुराना) एवं 16(नया) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.553 ग्राम जौरासुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में- सम्पत्ति श्री नक्कंश्वर प्रसाद शर्मा, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-सम्पत्ति श्री आशीष एवं दक्षिण में-भूमि सुशीला देवी है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री राम सिंह पुत्र श्री भगवान सिंह द्वारा श्रीमती रामबेटी पत्नी श्री गजेन्द्र सिंह तोमर को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4266 दिनांक 08.01.1981 से विक्रय की गई थी। श्रीमती रामबेटी द्वारा सम्पत्ति 500 वर्गफुट एरिया श्री हीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह परमार को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.382 दिनांक 07.08.2013 से विक्रय की गई थी। श्री हीरेन्द्र सिंह द्वारा सम्पत्ति 500 वर्गफुट एरिया श्री अजीत सिंह परमार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह परमार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792015ए11109657 दिनांक 08.10.2015 से विक्रय की गई थी। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 08.01.1981 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री अजीत सिंह परमार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 08.01.1981 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक

नीरज जैन, एडवोकेट

कार्या.- 4, सोमिल कॉम्प्लेक्स, इंकम टैक्स ऑफिस के बगल में सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)

मो.नं.- 98276-72710